भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2328 का उत्तर

आदर्श स्टेशन कार्यक्रम

2328. श्री जी. सेल्वम:
श्रीमती संगीता आजाद:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री सी. एन. अन्नादुरईः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित देश में आदर्श स्टेशन कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो इन राज्यों में विकसित करने के लिए कितने रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है और आदर्श स्टेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कितने स्टेशन विकसित किए गए हैं;

(ख) उपर्युक्त योजना के संबंध में निर्धारित किए गए लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियों का स्टेशन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत आबंटित/जारी/संस्वीकृत और उपयोग की गई निधियों की मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का उक्त योजना के अंतर्गत तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के कुछ और स्टेशनों को शामिल करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके अंतर्गत शामिल किए जाने वाले स्टेशनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

s.k

आदर्श स्टेशन कार्यक्रम के संबंध में 15.03.2023 को लोक सभा में श्री जी. सेल्वम, श्रीमती संगीता आजाद, श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री सी. एन. अन्नादुरई, डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे, डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस., श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे और डॉ. सुभाष रामराव भामरे के अतारांकित प्रश्न सं. 2328 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण/उन्नयन एक निरंतर और सतत् रूप से चलने वाली प्रक्रिया है। आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का उन्नयन वर्ष 2009-10 से शुरू किया गया था। भारतीय रेल में, आदर्श स्टेशन योजना के तहत 1253 रेलवे स्टेशनों को उन्नत करने के लिए चिह्नित किया गया था, जिनमें से अब तक 1218 स्टेशनों का उन्नयन किया जा चुका है और शेष स्टेशनों को वित्त वर्ष 2023-24 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

आदर्श स्टेशन योजना के तहत उन्नयन के लिए महाराष्ट्र में 108 स्टेशनों, तमिलनाडु में 49 स्टेशनों और उत्तर प्रदेश में 151 स्टेशनों की पहचान की गई थी। महाराष्ट्र और तमिलनाडु के सभी चिह्नित स्टेशनों को आदर्श स्टेशन योजना के तहत विकसित किया गया है और उत्तर प्रदेश के शेष 18 स्टेशनों को वित्त वर्ष 2023-24 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यात्री सुविधाओं में सुधार/उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए स्टेशन की संबंधित कोटि के अनुसार विभिन्न कार्य जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ, स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार, विश्राम कक्ष, प्रतीक्षालय, महिलाओं के लिए अलग प्रतीक्षालय, परिचलन क्षेत्र की लैंडस्केपिंग, चिह्नित पार्किंग, संकेतक, सशुल्क शौचालय, स्टेशन पर प्रवेश के लिए रैंप आदि सुविधाएं रेलवे स्टेशनों पर प्रदान की जा रही हैं जो, यात्री यातायात की मात्रा और पारस्परिक प्राथमिकता निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन आवश्यकता पर निर्भर करता है।

(ग): स्टेशनों का विकास और यात्री सुविधाओं के वित्तपोषण सामान्यतः योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाओं' के अंतर्गत किया जाता है। पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2019-20, 2020-21, 2021-22 और चालू वर्ष (जनवरी, 2023 तक) के दौरान भारतीय रेल में

बजटीय स्रोतों के तहत आवंटित निधियों और योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाओं' के तहत किए गए व्यय का जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

क्षेत्रीय रेलवे	2019-20		2020-21		2021-22		2022-23	
	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय	आवंटन	व्यय (जनवरी 2023 तक)
मध्य	235.96	231.83	288.78	275.85	207.56	152.94	234.38	108.20
पूर्व	112.84	115.26	182.14	158.96	151.16	145.21	173.98	80.98
पूर्व मध्य	137.43	141.92	166.87	165.46	166.83	146.42	162.39	132.08
पूर्व तट	96.14	94.79	103.16	87.16	89.03	66.99	109.53	69.22
उत्तर	150.77	152.30	268.37	247.25	217.71	221.68	235.37	297.33
उत्तर मध्य	65.3	77.64	182.94	163.41	134.81	118.82	147.57	96.11
पूर्वोत्तर	78.59	86.32	100.18	103.9	121.20	95.33	187.23	81.07
पूर्वोत्तर सीमा	107.24	100.27	106.12	104.07	99.34	90.03	96.11	74.10
उत्तर पश्चिम	120.22	118.01	159.59	126.39	67.51	51.39	115.79	68.91
दक्षिण	111.55	114.44	213.11	204.71	218.22	154.23	327.78	108.34
दक्षिण मध्य	151.39	150.29	199.37	219.69	191.56	154.56	135.15	100.47
दक्षिण पूर्व	76.67	82.01	109.89	118.22	140.16	111.60	176.53	96.26
दक्षिण पूर्व मध्य	53.82	55.83	107.14	118.76	67.15	65.18	60.90	40.80
दक्षिण पश्चिम	82.66	80.61	114.8	115.13	135.34	112.13	137.94	50.07
पश्चिम	254.45	254.61	252.01	318.04	261.00	255.77	311.62	130.45
पश्चिम मध्य	37.39	34.10	50.95	46.08	66.00	49.93	77.32	30.09
मेट्रो	17.29	12.88	9.88	9.74	9.97	3.56	10.39	3.67
कुल	1889.71	1903.10	2615.3	2582.82	2344.55	1995.77	2700.00	1568.15

s.k

(घ) और (ङ): आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का चयन जन प्रतिनिधियों से प्राप्त अनुरोधों/मांगों और क्षेत्रीय रेलों की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं के उन्नयन हेतु चिह्नित आवश्यकता पर आधारित है। बहरहाल, रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का संवर्धन/उन्नयन निधियों की उपलब्धता, यात्री यातायात की मात्रा और कार्यों की पारस्परिक प्राथमिकता के अध्यधीन एक सतत प्रक्रिया है।

******

s.k